दिनांक 17.01.2026 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# आयुक्त ने बैकुंठ धाम क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन–3 अंतर्गत एसएलआरएम सेंटर, जी व्ही पी पॉइंट, सुलभ शौचालय, बैकुंठ धाम तालाब, पीएम आवास सहित मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना से दुकानो का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया हैद्य

निगम आयुक्त द्वारा मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड 33 में एस.एल.आर.एम सेंटर का निरीक्षण किया गयाद्य स्त्ड सेंटर मे चल रहे कचरा पृथककरण के कार्यों का जायजा लिये । ई–रिक्शा एवं ऑटो टिप्पर से डोर–टू–डोर कचरा बीट चार्ट अनुसार एकत्रित करने निर्देशित किये हैद्य नागरिको द्वारा कचरा फेकने वाले स्थल जी व्ही पी प्वाइंट को सौंदर्य करण किया गया हैद्य वार्ड मे सड़क किनारे लगाए गये पेवर ब्लॉक का जायजा लेते हुए अतिक्रमण को हटाने निर्देशित किये हैद्य रोड साइड अतिक्रमण कर टेंट एवं अन्य कारोबार करने वाले लोगों पर कारवाई करने निर्देशित किया गया है ।

आयुक्त ने दिवाल एवं चौंक–चौराहो मे पेंटिंग के माध्यम से स्वछता हेतु नागरिको को जागरूक करने कहा गया हैद्य नागरिकों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए सुलभ शौचालय की नियमित साफ–सफाई एवं पानी की सुविधा बनाये रखने निर्देशित किये हैद्य वार्ड मे अवैध तरीके से रह रहे नागरिकों से मुलाकात कर 75000 में प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन करने ओर मुख्यमंत्री स्वालम्बन योजना से निर्मित दुकानों को स्वयं से खाली करने नागरिको से चर्चा किये हैद्य

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेंद्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहेगा।

